**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3815**

**दिनांक 11 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-'एबीएचआईएम)**

**3815. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत झारखंड में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र- वार और जिला-वार कुल कितने स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) झारखंड राज्य में कुल कितनी ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) को सहायता प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है और वास्तव में जिला-वार कितनी बीपीएचयू शुरू की गई हैं;

(ग) केन्द्र सरकार के उन अस्पतालों का ब्यौरा क्या है जिनमें क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक स्थापित किए जाने हैं;

(घ) देश में स्थापित क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉकों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल (आईएचआईपी) को सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में शुरू किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ङ): प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के घटकों के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी) स्तर पर 7808 स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र (एचडब्ल्यूसी) को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में अनुमोदित किया गया है जिसमें दिनांक 25.07.2023 तक झारखंड राज्य में एसएचसी स्तर पर 893 एचडब्ल्यूसी की स्थापना के लिए सहायता शामिल है। एसएचसी स्तर पर राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र वार अनुमोदित एचडब्ल्यूसी और झारखंड में सहायता-प्राप्त जिलेवार एचडब्ल्यूसी एसएचसी का विवरण क्रमशः अनुलग्नक-1 और 2 में है।

पीएम-एबीएचआईएम के सीएसएस घटक के तहत झारखंड राज्य में 165 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को अनुमोदन दिया गया है। जैसा कि राज्य सूचित किया गया है, 165 बीपीएचयू में कार्य सौंप

दिया गया है, 11 बीपीएचयू  का कार्य आरंभ कर दिया गया हैं। जिलेवार विवरण अनुलग्नक-3 में दिया गया है।

पीएम-एबीएचआईएम के केंद्रीय क्षेत्र घटक के तहत, 2220 करोड़ रुपये की कुल लागत पर 12 केंद्रीय अस्पतालों में 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक (सीसीएचबी) की स्थापना हेतु सहायता का प्रावधान किया है। इन संस्थानों में - दिल्ली, भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर और ऋषिकेश में एम्स, चंडीगढ़ में पीजीआईएमईआर, पुडुचेरी में जिपमेर, इम्फाल में रिम्स, शिलांग में एनईआईजीआरआईएचएमएस और वाराणसी में बीएचयू का आईएमएस शामिल हैं।

पीएम-एबीएचआईएम के सीएसएस घटकों के तहत दिनांक 25.07.2023 तक 443 सीसीबी की स्थापना हेतु राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र को सहायता प्रदान की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सीसीबी का विवरण अनुलग्नक-4 में दिया गया है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 05 अप्रैल 2021 को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफ़ॉर्म (आईएचआईपी) पोर्टल आरंभ किया है। आईएचआईपी पोर्टल इन्फलूएनजा जैसी बीमारी और गंभीर स्वशन संक्रमण (एसएआरआई) कोविड-19 और मंकी पाक्स सहित 33 से अधिक स्वास्थ्य स्थ‍ितियों का डाटागेस केप्चर करने के लिए बनाया गया है। यह जिला, राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तियों के सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी का एकल संचालन मंच प्रदान करता है। वर्तमान में, सभी 36 राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र आईएचआईपी पोर्टल पर अंतरित कर दिए गए  हैं।

अनुलग्नक- 1

<u>पीएम-एबीएचआईएम के तहत एसएचसी स्तर पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार एचडब्ल्यूसी का ब्यौरा</u>

| क्रम. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अनुमोदित इकाइयां |
|---|---|---|
| 1 | असम | 768 |
| 2 | बिहार | 2546 |
| 3 | झारखंड | 893 |
| 4 | मणिपुर | 64 |
| 5 | मेघालय | 151 |
| 6 | ओडिशा | 604 |
| 7 | राजस्थान | 1112 |
| 8 | उत्तर प्रदेश | 1670 |
|  | **कुल** | **7808** |

## झारखंड राज्य में पीएम-एबीएचआईएम के तहत अनुमोदित एचडब्ल्यूसी-एसएचसी का जिला-वार विवरण

| क्रम सं | जिले | 2021-22 | 2022-23 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो | 16 | 18 | 34 |
| 2 | चतरा | 15 | 0 | 15 |
| 3 | देवगढ़ | 17 | 25 | 42 |
| 4 | धनबाद | 14 | 12 | 26 |
| 5 | दुमका | 24 | 21 | 45 |
| 6 | पश्चिम सिंहभूम | 25 | 27 | 52 |
| 7 | गिरिडीह | 29 | 26 | 55 |
| 8 | गढ़वा | 11 | 0 | 11 |
| 9 | गोड्डा | 18 | 24 | 42 |
| 10 | गुमला | 26 | 41 | 67 |
| 11 | हजारीबाग | 21 | 19 | 40 |
| 12 | जामताड़ा | 14 | 20 | 34 |
| 13 | खूंटी | 16 | 14 | 30 |
| 14 | कोडरमा | 7 | 8 | 15 |
| 15 | लातेहार | 8 | 9 | 17 |
| 16 | लोहरदगा | 11 | 6 | 17 |
| 17 | पाकुड़ | 14 | 8 | 22 |
| 18 | पलामू | 16 | 22 | 38 |
| 19 | रामगढ़ | 8 | 3 | 11 |
| 20 | रांची | 32 | 47 | 79 |
| 21 | साहेबगंज | 14 | 18 | 32 |
| 22 | सरायकेला | 22 | 21 | 43 |
| 23 | सिमडेगा | 23 | 15 | 38 |
| 24 | पश्चिम सिंहभूम | 46 | 42 | 88 |
| | **कुल** | **447** | **446** | **893** |

अनुलग्नक-3

**पीएम-एबीएचआईएम के तहत झारखंड राज्य में अनुमोदित और आरंभ किए गए बीपीएचयू का जिला-वार विवरण**

| क्रम सं | जिले | अनुमोदित इकाइयां | आरंभ की गई इकाइयां |
|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो | 7 | 0 |
| 2 | चतरा | 7 | 0 |
| 3 | देवगढ़ | 5 | 0 |
| 4 | धनबाद | 8 | 0 |
| 5 | दुमका | 5 | 0 |
| 6 | ई. सिंहभूम | 10 | 2 |
| 7 | गढ़वा | 16 | 1 |
| 8 | गिरिडीह | 8 | 1 |
| 9 | गोड्डा | 5 | 0 |
| 10 | गुमला | 8 | 0 |
| 11 | हजारीबाग | 10 | 0 |
| 12 | जामताड़ा | 5 | 0 |
| 13 | खूंटी | 2 | 0 |
| 14 | कोडरमा | 3 | 1 |
| 15 | लातेहार | 6 | 0 |
| 16 | लोहरदगा | 3 | 1 |
| 17 | पाकुड़ | 5 | 1 |
| 18 | पलामू | 9 | 2 |
| 19 | रामगढ़ | 2 | 1 |
| 20 | रांची | 13 | 0 |
| 21 | साहेबगंज | 6 | 0 |
| 22 | सरायकेला | 6 | 1 |
| 23 | सिमडेगा | 5 | 0 |
| 24 | पश्चिम सिंहभूम | 11 | 0 |
| | **कुल** | **165** | **11** |

अनुलग्नक-4

# सीसीबी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या का ब्यौरा

| क्रम. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अनुमोदित इकाइयां |
|---|---|---|
| 1 | अंडामान और निकोबार द्वीप समूह | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 14 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| 4 | असम | 27 |
| 5 | बिहार | 12 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 23 |
| 8 | दादरा और नागर हवेलीएवं दमन व दीव | 1 |
| 9 | दिल्ली | 0 |
| 10 | गोवा | 2 |
| 11 | गुजरात | 26 |
| 12 | हरियाणा | 22 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 8 |
| 15 | झारखंड | 7 |
| 16 | कर्नाटक | 9 |
| 17 | केरल | 14 |
| 18 | लद्दाख | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 50 |
| 21 | महाराष्ट्र | 18 |
| 22 | मणिपुर | 2 |
| 23 | मेघालय | 0 |
| 24 | मिजोरम | 1 |
| 25 | नगालैंड | 1 |
| 26 | ओडिशा | 22 |
| 27 | पुदुचेरी | 3 |
| 28 | पंजाब | 16 |
| 29 | राजस्थान | 10 |
| 30 | सिक्किम | 1 |
| 31 | तमिलनाडु | 33 |
| 32 | तेलंगाना | 31 |
| 33 | त्रिपुरा | 1 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 62 |
| 35 | उत्तराखंड | 2 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 22 |
| | **कुल** | **443** |

*****